समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# पाकिस्तान के बॉर्डर से लगे इलाकों मे बैकों ने बढ़ाई सुरक्षा, वॉर रूम के साथ साइबर सिक्योरिटी मैकेनिज्म को किया मजबूत।

Publisher Published on 08 May 2025




## भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की इस स्थिति मे देश के बैकं भी पूरी तरह से तैयार है तांकि किसी भी संभावित साइबर अटैक का सामना किया जा सके.

पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर आतंकवादियों के ठिकानों पर भारत ने एयर स्ट्राइक कर दी है. इस हमले से बौखलाया पाकिस्तान भी LoC पर लगातार गोलीबारी कर रहा है. दोनों देशों के बीच तनाव की इस स्थिति में सीमावर्ती क्षेत्रों में बैंकों ने भी जवाबी हमले के बढ़ते खतरे को देखते हुए अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है.

साइबर अटैक से निपटने के लिए बैंक भी तैयार
फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब नेशनल बैंक के एमडी और सीईओ अशोक चंद्रा ने कहा है, "हमने अपने साइबर सिक्योरिटी मैकेनिज्म को मजबूत किया है. साइबर अटैक को रोकने के लिए हमने एक वॉर रूम भी बनाया है, जो 24 घंटे चालू है. हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं." उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान के बॉर्डर से लगी शाखाओं में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है और कर्मचारियों की सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं.

एंटी-साइबर अटैक मैकेनिज्म को किया गया मजबूत
एक दूसरे सरकारी बैंक के सीनियर ऑफिसर ने कहा, "किसी भी संभावित अटैक का सामना करने के लिए बैंकों ने एंटी-साइबर अटैक मैकेनिज्म स्थापित किया है. बॉर्डर एरिया में एटीएम भी पैसों से फुल कर दिए गए हैं ताकि ग्राहकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े."

भारत ने पहलगाम हमले का लिया बदला

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात नौ आतंकी ठिकानों पर पिन पॉइंट मिसाइल हमला किया. इनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना मुरीदके भी शामिल था. पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से ज्यादातर सैलानी थे. इस हमले के ठीक 15वें दिन भारत ने अपना बदला लिया.

## NSE, BSE के वेबसाइट्स भी बंद

'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच, साइबर सुरक्षा का ख्याल रखते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) ने अपनी वेबसाइटों को विदेशी यूजर्स के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया है. हालांकि, विदेशी निवेशक अब भी भारतीय बाजारों में कारोबार कर सकते हैं, लेकिन अब उन्हें अपने ब्रोकर के जरिए ऐसा करना होगा.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.